| |
|---|
| दिनांक 14.07.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 377/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा उच्चस्तरीय अपराध समीक्षा बैठक

- **कांवड़ यात्रा एवं आगामी पर्वों** को *Zero Incident & Zero Accident* के लक्ष्य के साथ सम्पन्न कराया जाये।
- **बीट सूचना, यक्ष ऐप** की आत्मा है अतः बीट सूचना तंत्र को सुदृढ़ कर सक्रिय अपराधियों का शत-प्रतिशत सत्यापन कराया जाये।
- **सत्यापन के दौरान लापता पाये गये अपराधियों की तलाश हेतु एक सप्ताह का विशेष अभियान** चलाया जाये।
- ZFD अभियान के परिणामस्वरूप 1 जनवरी–30 जून 2026 की अवधि में, वर्ष 2025 की समान अवधि की तुलना में **सड़क दुर्घटनाओं में 9% तथा मृत्यु दर में 10% की कमी आई, जिससे 800 से अधिक बहुमूल्य मानव जीवन की रक्षा** की गई है।
- RTC Scheme के अंतर्गत Google Maps आधारित रियल-टाइम ट्रैफिक प्रबंधन एवं Route Marshal की व्यवस्था से तीन माह में Choke Points में 17% की कमी तथा चयनित मार्गों पर यात्रा के औसत समय में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है।
- **60 एवं 90 दिवस से अधिक लम्बित विवेचनाओं** की मानीटरिंग तथा उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु Case Diary Monitoring Dashboard पोर्टल विकसित किया गया।
- **मिशन शक्ति केन्द्रो** की स्थापना से महिला सम्बन्धी अपराधो में कमी।

**(पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0)**

आज दिनांक 14 जुलाई 2026 को पुलिस मुख्यालय में **श्री राजीव कृष्ण**, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा प्रदेश के समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक (प्रभारी जनपद) के साथ ऑनलाइन माध्यम से उच्चस्तरीय अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य रूप से आगामी त्यौहारों, आयोजनो, कांवड़ यात्रा के सकुशल सम्पन्न कराये जाने, अपराध नियन्त्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही, यक्ष एप की कार्यवाही की समीक्षा, लम्बित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, थानो पर खड़े वाहनो के निस्तारण, मिशन शक्ति केन्द्र, ZFD/RCT अभियान, गुमशुदा बच्चो की सकुशल बरामदगी तथा अन्य महत्वपूर्ण कानून-व्यवस्था से संबंधित विषयों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए।

### कानून-व्यवस्था एवं आगामी आयोजन / कांवड़ यात्रा प्रबंधन

- कांवड़ यात्रा एवं आगामी पर्वों को सकुशल संपन्न कराने हेतु व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

- पूर्व में घटित घटनाओं की समीक्षा करते हुये संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती एवं सतत निगरानी की जाये।
- सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु स्थानीय स्तर पर समन्वय एवं निरोधात्मक कार्यवाही करें।
- अगामी सावन माह के दौरान होने वाली कांवड़ यात्राओं को Zero incident & Zero accident के लक्ष्य के साथ सम्पन्न कराया जाये।
- कांवड़ मार्गों, शिविरों, घाटों एवं प्रमुख स्थलों पर सुरक्षा, बैरिकेडिंग, समुचित प्रकाश एवं यातायात प्रबंधन किया जाये।
- मा० न्यायालय एवं शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुरूप कांवड़ के डीजे की ऊंचाई एवं आवाज रखी जाये।
- टेथर्ड ड्रोन, सीसीटीवी एवं सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाये।
- सीमावर्ती जनपदों एवं पड़ोसी राज्यों से निरंतर समन्वय बनाए रखा जाये।

**<u>अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों पर कार्यवाही</u>**

- हत्या, डकैती, लूट, चेन स्नैचिंग एवं अन्य जघन्य अपराधों के लम्बित प्रकरणों का शीघ्र अनावरण किया जाये।
- सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई एवं गैंगस्टर / गुंडा एक्ट जैसी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

**<u>यक्ष ऐप</u>**

- बीट सूचना यक्ष ऐप की आत्मा है। ऐप में बीट सूचना हेतु 21 केटेगरी दी गयी हैं। सभी केटेगरी में सही-सही व प्रभावी सूचनायें अंकित कराना सुनिश्चित करें।
- यक्ष ऐप के माध्यम से सक्रिय अपराधियो की सूची को अध्यावधिक किया जाये ।
- सत्यापन के उपरान्त पुनः अपराध में लिप्त अपराधियो के विरूद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाये।
- यक्ष ऐप में कर्मचारियों द्वारा भरी जा रही सूचनाओं का वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित पर्यवेक्षण किया जाये।
- मादक पदार्थों, अवैध शराब एवं तस्करी, धार्मिक मतांतरण व अन्य संवेदनशील गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुये उनसे सम्बंधित समस्त सूचनायें भी यक्ष ऐप में अवश्य अंकित करायी जायें।

**<u>थानों पर खड़े वाहनों का निस्तारण</u>**

- थानों पर खड़ें वाहनों के निस्तारण में अच्छा कार्य करने वाले जनपद अलीगढ़ एवं रायबरेली के पुलिस अधीक्षकों द्वारा निस्तारण हेतु की गयी कार्यवाही का प्रस्तुतिकरण दिया गया।
- सभी जनपदों/कमिश्नरेट को अपने-अपने जनपदों / कमिश्नरेट में डम्पिंग यार्ड बनवाकर थानों पर खड़े वाहनों को वहां पर खड़ा कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**60 एवं 90 दिवस में निस्तारित होने वाली विवेचनाओं की समीक्षा**

- 60 एवं 90 दिवस में निस्तारित होने वाली विवेचनाओं की समीक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक औरैया श्री अभिषेक भारती की पहल पर तकनीकी सेवायें मुख्यालय द्वारा विकसित किये गये Case Diary Monitoring Dashboard पोर्टल का प्रस्तुतिकरण पुलिस उपमहानिरीक्षक तकनीकी सेवायें, श्री आशीष तिवारी द्वारा किया गया।
- उक्त पोर्टल के माध्यम से पर्यवेक्षक अधिकारी/विवेचको को लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में 15 दिन पूर्व अलर्ट प्राप्त हो जायेगा जिससे विवचनाओ की मानीटरिंग करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जा सकेगा।

**मिशन शक्ति केन्द्रों के सम्बंध में निर्देश**

- पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति केन्द्रों की स्थापना के 06 माह पूर्व व 06 माह पश्चात के आंकड़ों की समीक्षा से पाया गया कि दहेज हत्या में करीब 43 प्रतिशत एवं दहेज प्रताड़ना में करीब 13 प्रतिशत की कमी आयी है।
- मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली की निरंतर समीक्षा समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / उपमहानिरीक्षक द्वारा की जाये।

**यातायात हेतु चलायी जा रही ZFD एवं RTC अभियान की समीक्षा**

- पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० द्वारा कहा गया कि ZFD एवं RTC अभियान की समीक्षा से सड़क दुर्घटनाओं एवं जाम में कमी परिलक्षित हुयी है, उसमें और प्रभावी कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।
- प्रदेश में चलाये गये ZFD अभियान के फलस्वरूप 1 जनवरी 2025 से 30 जून 2025 की तुलना में 1 जनवरी 2026 से 30 जून 2026 तक की अवधि में हुए road accidents और fatalities में क्रमशः 9 % और 10 % की कमी आयी है और 800 से अधिक बहुमूल्य मानव जीवन की रक्षा की गई है।
- RTC Scheme के अंतर्गत Google Maps आधारित रियल-टाइम ट्रैफिक प्रबंधन एवं Route Marshal की व्यवस्था से तीन माह में Choke Points में 17% की कमी तथा चयनित मार्गों पर यात्रा के औसत समय में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है।

**अन्य निर्देश**

- प्रत्येक महत्वपूर्ण घटना की समयबद्ध एवं तथ्यात्मक जानकारी प्रिंट एवं इलेक्ट्रिानिक मीडिया को उपलब्ध करायी जाये।
- सोशल मीडिया के प्रत्येक प्लेटफार्म पर सतत निगरानी रखी जाये, भ्रामक पोस्ट एवं भड़काऊ बयानबाजी करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लायी जाये।
- गुमशुदा व्यक्तियों एवं महिलाओं / बालिकाओं से संबंधित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण।
- IGot पोर्टल पर कभी अधिकारी/ कर्मचारी अपनी-अपनी सही-सही प्रविष्टियां कराया जाना सुनिश्चित करें।
- गुमशुदा बच्चों की तलाश हेतु अभियान चलाकर उनकी सकुशल बरामदगी सुनिश्चित की जाये।





| |
|---|
| दिनांक 14.07.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 378/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**कमिश्नरेट लखनऊ/थाना पीजीआई**

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **लगभग 20 लाख रूपये (कीमत) की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण बरामद**

दिनांक 14.07.2026 को थाना पीजीआई पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कालिन्दी पार्क के पास से 04 अभियुक्तों 1–अर्जुन 2–सुदैफ अली उर्फ समर 3–विनय कुमार 4–दीपक को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 20 लाख रूपये (कीमत) की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना पीजीआई क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना पीजीआई पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण का प्रयास किया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण चोरी की घटना से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त अर्जुन के विरूद्ध जनपद उन्नाव, कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानों पर चोरी आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना पीजीआई पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अर्जुन निवासी ग्राम पिपरौली थाना पीजीआई, लखनऊ।

2–सुदैफ अली उर्फ समर निवासी मऊ पश्चिम टोला थाना मोहनलालगंज, लखनऊ।

3–विनय कुमार निवासी ग्राम हैवतमऊ मवैया थाना पीजीआई, लखनऊ।

4–दीपक निवासी ग्राम हैवतमऊ मवैया थाना पीजीआई, लखनऊ।

**बरामदगी**

1–लगभग 20 लाख रूपये (कीमत) की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण।

## जनपद अमरोहा/थाना हसनपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 23 लाख 90 हजार रूपये नगद**
- **चोरी की 01 इनोवा कार बरामद**

दिनांक 13.07.2026 को थाना हसनपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1–मनोज 2–कमल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 23 लाख 90 हजार रूपये नगद, चोरी की 01 इनोवा कार बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना हसनपुर क्षेत्रान्तर्गत चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना हसनपुर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, वाहन उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना हसनपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मनोज निवासी जाट चौक नांगलोई दिल्ली, स्थाईपता काला बाड़ी लथीथा डोरा थाना बारादरी जनपद बरेली।

2–कमल निवासी जाट चौक नांगलोई दिल्ली, स्थाईपता काला बाड़ी लथीथा डोरा थाना बारादरी जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1–चोरी के 23 लाख 90 हजार रूपये नगद।

2–चोरी की 01 इनोवा कार।

## कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना लोनी

- **अवैध शस्त्र की तस्करी कर रहे 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **07 अवैध पिस्टल मय मैगजीन, 22 जीवित कारतूस विभिन्न बोर**
- **01 थार वाहन बरामद**

दिनांक 14.07.2026 को थाना लोनी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना लोनी क्षेत्र से अवैध शस्त्र की तस्करी कर रहे 03

अभियुक्तों 1–अरूण कुमार 2–रंजीत 3–अभिषेक उर्फ मोटू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 07 अवैध पिस्टल मय मैगजीन, 22 जीवित कारतूस विभिन्न बोर, 01 थार वाहन बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना लोनी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अरूण कुमार निवासी राजीव गार्डन इन्द्रापुरी थाना बॉर्डर कमिश्नरेट गाजियाबाद।

2–रंजीत निवासी सुधीर इंक्लेव राम पार्क थाना ट्रोनिका सिटी कमिश्नरेट गाजियाबाद।

3–अभिषेक उर्फ मोटू निवासी सभापुर थाना सोनिया विहार दिल्ली।

**बरामदगी**

1–07 अवैध पिस्टल मय मैगजीन, 22 जीवित कारतूस विभिन्न बोर।

2–01 थार वाहन।

## जनपद सहारनपुर/थाना कुतुबशेर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 07 इनवर्टर, 14 बड़ी/छोटी बैटरी, 01 गैस सिलेण्डर**
- **12 हजार रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 14.07.2026 को थाना कुतुबशेर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सिचाई विभाग के खण्डहर से अभियुक्त इसरार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की 07 इनवर्टर, 14 बड़ी/छोटी बैटरी, 01 गैस सिलेण्डर, 12 हजार रूपये नगद आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कुतुबशेर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोर द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कुतुबशेर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण का प्रयास किया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद इनवर्टर, बैटरी आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद सहारनपुर के विभिन्न थानों पर चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1— इसरार निवासी इस्लामनगर थाना रामपुर मनिहार जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1—चोरी की 07 इनवर्टर, 14 बड़ी/छोटी बैटरी, 01 गैस सिलेण्डर।

2—12 हजार रूपये नगद आदि।

- **जनपद बुलन्दशहर/थाना ककोड़ (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन  कारावास की सजा व 01 लाख 050 रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना ककोड पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/323 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त पुनीत को आजीवन कारावास व 01 लाख 500 रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद बुलन्दशहर/थाना खुर्जा देहात (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 25 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना खुर्जा देहात पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363 भादवि व 4(2) पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त नवाजिस को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 25 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———————